भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3839

दिनांक 5 अप्रैल, 2023 को उत्तर के लिए

सक्षम आंगनवाड़ी योजना

3839. श्री परिल नथवानी :

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में महिलाओं, बच्चों और किशोरियों के लिए पोषण संबंधी सहायता बढ़ाने हेतु सक्षम आंगनवाड़ी योजना के अंतर्गत लागू किए गए उपायों के विस्तृत परिणाम क्या हैं; और

(ख) तेलंगाना में आंगनवाड़ी अवसंरचचना के विकास और आधुनिकीकरण के लिए उक्त योजना के अंतर्गत क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) : पूरक पोषण कार्यक्रम, आंगनवाड़ी सेवाएं, पोषण अभियान और किशोरियों के लिए संशोधित स्कीम के तहत प्रयासों को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के रूप में संरेखित किया गया है। मिशन पोषण 2.0 के तहत कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों को को पोषण संबंधी सहायता प्रदान की जाती है।

कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए सरकार के विभिन्न पहलों के परिणाम का आकलन करने के लिए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के तहत पोषण संबंधी संकेतकों पर डेटा नियमित रूप से लिया जाता है। एनएफएचएस के पिछले दो राउंड के अनुसार देश में कुपोषण के प्रसार में कमी आई है। एनएफएचएस-4(2015-16) में ठिगनेपन, दुबलेपन और कम वजन का प्रसार क्रमशः 38.4%, 21% और 35.8% था जो कि एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार घटकर क्रमशः 35.5%, 19.3% और 32.1% हो गया है। एनएफएचएस-5 के अनुसार महिलाओं (15-49 वर्ष) में कम वजन का प्रसार 22.9% (एनएफएचएस-4) से घटकर 18.7% हो गया है। तेलंगाना राज्य में, एनएफएचएस-5 के अनुसार, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में ठिगनेपन, दुबलेपन और कम वजन का प्रसार 33.1%, 21.7% और 31.8% है और महिलाओं(15-49 वर्ष) में कम वजन का प्रसार 18.8% है।

इसके अलावा मिशन पोषण 2.0 के तहत सेवा वितरण की निगरानी के लिए आईसीटी एप्लिकेशन पोषण ट्रैकर के तहत तेलंगाना राज्य में फरवरी 2023 के महीने में मापे गए लगभग 16.9 लाख बच्चों में से कुपोषित बच्चों का प्रतिशत 4.9% है।

- इसके अलावा, तेलंगाना राज्य में मिशन पोषण 2.0 के तहत हासिल की गई उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

- पोषण पखवाड़ा 2022 और पोषण माह 2022 के दौरान पोषण संबंधी मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने के लिए कुल क्रमशः 9.97 लाख और 12.45 लाख गतिविधियां आयोजित की गईं।

- 38984 स्मार्ट फोन खरीदे गए हैं ताकि अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को कुशलतापूर्वक सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाया जा सके।

इन्फैंटोमीटर, स्टैडोमीटर, वजन तोलने के स्केल आदि सहित 35700 विकास निगरानी उपकरण खरीदे गए हैं।

(ख) : सक्षम आंगनवाड़ी के तहत, देश भर में 2 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) (प्रति वर्ष 40,000 एडब्ल्यूसी) को 6 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए बेहतर पोषण वितरण और प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा के लिए 5 साल में मजबूत और उन्नत करने का प्रस्ताव किया गया है। इस साल इंटरनेट/वाईफाई कनेक्टिविटी, एलईडी स्क्रीन और स्मार्ट लर्निंग और ऑडियो-विजुअल विज्ञापन और बच्चों के अनुकूल शिक्षण उपकरण सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में अपग्रेड करने के लिए आकांक्षी जिलों में 40,000 आंगनवाड़ी केंद्रों की पहचान की गई है।

वित्त वर्ष 2022-23 में तेलंगाना राज्य में कुल 500 आंगनवाड़ी केंद्रों का चयन सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में अपग्रेड करने के लिए किया गया है और चालू वित्त वर्ष 2022-23 में 278.16 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

इसके अलावा, सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को सरकार के स्वामित्व वाले आंगनवाड़ी भवनों में वर्षा जल संचयन की स्थापना के लिए सलाह दी गई है। प्रति आंगनवाड़ी केंद्र शौचालय निर्माण की लागत को 12000/- रुपये से संशोधित कर 36000/- रुपये किया गया है और पीने के पानी की सुविधा प्रदान करने की लागत को 10000/- रुपये से संशोधित कर 17000/- रुपये किया गया है।

******